इस्लाम की श्रेष्ठता

खक

इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वह्हाब

लेखकः

इमाम मुहम्मद बिन अब्दुल वह्हाब

بسم الله الرحمن الرحيم

अध्यायः इस्लाम को धर्म स्वरूप क़बूल करने की अनिवार्यता

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿وَمَن يَبۡتَغِ غَيۡرَ ٱلۡإِسۡلَٰمِ دِينٗا فَلَن يُقۡبَلَ مِنۡهُ وَهُوَ فِي ٱلۡأٓخِرَةِ مِنَ ٱلۡخَٰسِرِينَ﴾ [آل عمران: 85].

"जो व्यक्ति इस्लाम के अतिरिक्त कोई अन्य धर्म ढूँढे, उसका धर्म कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा और वह परलोक में घाटा उठाने वालों में से होगा।"[1] अल्लाह तआला ने यह भी फरमाया है:

﴿وَأَنَّ هَٰذَا صِرَٰطِي مُسۡتَقِيمٗا فَٱتَّبِعُوهُۖ وَلَا تَتَّبِعُواْ ٱلسُّبُلَ فَتَفَرَّقَ بِكُمۡ عَن سَبِيلِهِۦۚ ذَٰلِكُمۡ وَصَّىٰكُم بِهِۦ لَعَلَّكُمۡ تَتَّقُونَ﴾ [الأنعام: 153].

"और यही धर्म मेरा सीधा मार्ग है। अतः इसी रास्ते पर चलो और दूसरे रास्तों पर न चलो। अन्यथा वह तुम्हें अल्लाह के रास्ते से भटका देंगे।"[2]

मुजाहिद कहते हैं कि इस आयत में 'रास्तों' से अभिप्राय: बिदअ़तें एवं संदेह हैं।

आयशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "जिसने हमारे इस धर्म में कोई ऐसी चीज़ पैदा की, जो धर्म का भाग नहीं है, तो वह अमान्य एवं अस्वीकृत है।" [3] एक दूसरी रिवायत में है:

---

[1] सूरत आल-इमरान, आयत संख्याः 85

[2] सूरतुल-अनआम, आयत संख्याः 153

[3] बुखारीः अस-सुल्ह (2550), मुस्लिमः अल-अक़्ज़िया (1718), अबू दाऊदः अस्-सुन्नह (4606), इब्ने माजाः अल-मुक़द्दिमा (14), मुसनद अहमद (6/256)

"जिसने कोई ऐसा काम किया, जिसपर हमारा आदेश नहीं है, तो वह काम अमान्य और अस्वीकृत है।"[1]

जबकि सहीह बुखारी में अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, वह बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "मेरी उम्मत के सारे लोग जन्नत में जाएँगे, सिवाय उस आदमी के जिसने इनकार किया।" पूछा गया कि जन्नत में जाने से किसने इनकार किया? तो आपने फरमाया: "जिसने मेरे आदेश का पालन किया, वह जन्नत में प्रवेश करेगा और जिसने मेरी अवज्ञा की, उसने जन्नत में जाने से इनकार किया।"

तथा सहीह बुखारी में अब्दुल्लाह बिन अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "अल्लाह की नज़र में तीन प्रकार के लोग सबसे ज़्यादा घृणित एवं नापसंदीदा हैं: हरम के अंदर गुनाह का काम करने वाला, इस्लाम के अंदर जाहिलिय्यत काल के तौर-तरीक़े को प्रचलित करने वाला और किसी मुसलमान का नाहक़ खून बहाने के लिए उसके ख़ून की तलब में रहने वाला।"[2] (इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।) अल्लाह के रसूलों के लाए हुए धर्म-विधान के विपरीत, जाहिलियत काल का हर तौर-तरीक़ा इसमें शामिल है, चाहे वह सामान्य हो या उसका संबंध कुछ ही लोगों से हो,फिर उसका संबंध चाहे यहूदियों की धारणा से हो या ईसाइयों की,या मूर्तिपूजकों की, या इनके अतिरिक्त किसी अन्य की धारणा से हो।

और सहीह में हुज़ैफ़ा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, उन्होंने फरमाया: "ऐ क़ुरआन के पाठकों की जमाअत! सीधे मार्ग पर डटे रहो। बेशक तुम लोग, अन्य लोगों के मुकाबले में बहुत आगे निकल चुके हो। अब अगर तुम (क़ुरआन एवं सुन्नत का रास्ता छोड़कर) दाएँ या बाएँ वाले किसी रास्ते पर चल निकले, तो गुमराही में बहुत दूर निकल जाओगे।"

---

[1] बुखारी: अस्-सुल्ह (2550), मुस्लिम: अल-अक़्ज़िया (1718), अबू दाऊद: अस-सुन्नह (4606), इब्ने माजा: अल- मुक़द्दिमा (14) मुसनद अहमद (6/256)।

[2] बुख़ारी: अद्-दिय्यात (6488)।

और मुहम्मद बिन वज़्ज़ाह से वर्णित है: वह (हुज़ैफा) मस्जिद-ए-नबवी में प्रवेश करते हुए अल्लाह के गुणगान में व्यस्त लोगों के निकट खड़े होकर उनको नसीहत करते हुए ऐसा कहते थे। तथा उन्होंने कहा: हमसे सुफ़यान बिन उयैना ने मुजालिद से और मुजालिद ने शअबी से और शअबी ने मसरूक़ से वर्णन किया कि उन्होंने कहा: अब्दुल्लाह बिन मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने फरमाया: "बाद में आने वाला हर साल, गुज़रे हुए साल से अधिक बुरा होगा। मैं एक साल के दूसरे साल से अधिक हरियाली वाले होने और एक शासक के दूसरे शासक से बेहतर होने की बात नहीं कर रहा। मैं कहना यह चाहता हूँ कि तुम्हारे उलमा और अच्छे लोग गुज़र जाएँगे और उनके बाद ऐसे लोग आएँगे जो धार्मिक विधानों को अपनी रायों के तराज़ू पर तौलेंगे और इस प्रकार वे इस्लाम की आधारशिला को ढहा देंगे और नष्ट कर देंगे।"

अध्याय: इस्लाम की व्याख्या

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿فَإِنۡ حَآجُّوكَ فَقُلۡ أَسۡلَمۡتُ وَجۡهِيَ لِلَّهِ وَمَنِ ٱتَّبَعَنِۗ﴾ [آل عمران: 20].

"फिर यदि वे आपसे झगड़ें, तो आप कह दें कि मैंने और मेरे मानने वालों ने अल्लाह तआला के सामने अपना सिर झुका दिया है।"[1]

और सहीह में अब्दुल्लाह बिन उमर (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "इस्लाम यह है कि तुम इस बात की गवाही दो कि अल्लाह के अतिरिक्त कोई सत्य पूज्य नहीं और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं, नमाज़ स्थापित करो, ज़कात दो, रमज़ान के रोज़े रखो और सामर्थ्य हो तो अल्लाह के घर काबा का हज्ज करो।"[2]

और सहीह में अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से मरफ़ूअन वर्णित है: "मुसलमान वह है, जिसकी ज़बान और हाथ से दूसरे मुसलमान सुरक्षित रहें।"[3]

और बह्ज़ बिन हकीम से वर्णित है, वह अपने बाप के वास्ते से अपने दादा से वर्णन करते हैं कि उन्होंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से इस्लाम के विषय में प्रश्न किया, तो आपने फरमाया: "इस्लाम यह है कि तुम अपना ह्रदय अल्लाह को सौंप दो, अपना मुख अल्लाह की ओर कर लो, फर्ज़ नमाज़ पढ़ो और फ़र्ज़ ज़कात दो।"[4] इसे अह़मद ने रिवायत किया है।

---

[1] सूरत आल-इमरान, आयत संख्या: 20

[2] मुस्लिम: अल-ईमान (8), तिरमिज़ी: अल-ईमान (2610), नसई: अल-ईमान व शराएओहु (4990), अबू दाऊद: अस-सुन्नह (4695), इब्ने माजा: अल-मुकद्दिमा (63) अहमद (1/52)।

[3] तिरमिज़ी: अल-ईमान (2627), नसई: अल-ईमान व शराएओहु (4995), अहमद (2/379)।

[4] नसई: अज़-ज़काह (2436), अहमद (5/3)।

अबू क़िलाबा, अम्र बिन अबसा से और वह सीरिया के रहने वाले एक आदमी से वर्णन करते हैं कि उसके बाप ने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से प्रश्न किया कि इस्लाम क्या है, तो आपने फरमाया: "इस्लाम यह है कि तुम अपना दिल अल्लाह के हवाले कर दो और मुसलमान तुम्हारी ज़बान और तुम्हारे हाथ से सुरक्षित रहें।" फिर उन्होंने प्रश्न किया कि सर्वश्रेष्ठ इस्लाम क्या है? तो आपने फरमाया: "ईमान।" उसने कहा कि ईमान क्या है? तो आपने फरमाया: "ईमान यह है कि तुम अल्लाह पर, उसके फ़रिश्तों पर, उसकी उतारी हुई पुस्तकों पर, उसके रसूलों पर और मरने के बाद दोबारा उठाए जाने पर विश्वास रखो।"[1]

[1] अहमद (4/114)

अध्याय: अल्लाह तआला का फरमान: "और जो व्यक्ति इस्लाम के अतिरिक्त कोई अन्य धर्म तलाश करे, तो उसका धर्म कदाचित स्वीकार नहीं किया जाएगा।"

अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, वह बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "क़ियामत के दिन, बंदों के कर्म उपस्थित होंगे। चुनाँचे नमाज़ उपस्थित होगी और कहेगी कि ऐ मेरे रब! मैं नमाज़ हूँ। अल्लाह तआला कहेगा: तू भलाई पर है। फिर ज़कात उपस्थित होगी और कहेगी कि ऐ मेरे रब! मैं ज़कात हूँ। अल्लाह तआला कहेगा: तू भी भलाई पर है। फिर रोज़ा उपस्थित होगा और कहेगा कि ऐ मेरे रब! मैं रोज़ा हूँ। अल्लाह तआला कहेगा: तू भी भलाई पर है। इसके बाद बंदे के शेष कर्म इसी प्रकार उपस्थित होंगे और अल्लाह तआला कहेगा: तुम सब भलाई पर हो। फिर इस्लाम उपस्थित होगा और कहेगा कि ऐ मेरे रब! तू सलाम है और मैं इस्लाम हूँ। अल्लाह तआला कहेगा: तू भी भलाई पर है। आज मैं तेरे कारण से पकड़ करूँगा और तेरे कारण प्रदान करूँगा। अल्लाह तआला ने अपनी किताब क़ुरआन मजीद में फरमाया है:

﴿وَمَن يَبۡتَغِ غَيۡرَ ٱلۡإِسۡلَٰمِ دِينٗا فَلَن يُقۡبَلَ مِنۡهُ وَهُوَ فِي ٱلۡأٓخِرَةِ مِنَ ٱلۡخَٰسِرِينَ﴾ [آل عمران: 85].

"जो व्यक्ति इस्लाम के अतिरिक्त कोई अन्य धर्म तलाश करे, तो उसका धर्म कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा और वह आख़िरत में घाटा उठाने वालों में से होगा।"[1] इसे अह़मद ने रिवायत किया है।

[1] सूरत आल-इमरान, आयत संख्या: 85

और सहीह में आयशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "जिसने कोई ऐसा काम किया, जिसके बारे में हमारा आदेश नहीं है तो वह काम अस्वीकृत है।"[1] इसे अह़मद ने रिवायत किया है।

---

[1] बुखारीः अस्-सुल्ह (2550), मुस्लिमः अल-अक़्ज़िया (1718), अबू दाऊदः अस्-सुन्नह (4606), इब्ने माजाः अल-मुक़द्दिमा (14), मुसनद अहमद (6/256)।

अध्याय: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का अनुसरण करके आपके अलावा सभी के अनुकरण से बेनियाज़ होने की अनिवार्यता

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿وَنَزَّلۡنَا عَلَيۡكَ ٱلۡكِتَٰبَ تِبۡيَٰنٗا لِّكُلِّ شَيۡءٖ﴾ [النحل: 89].

"और हमने आपपर यह किताब उतारी है, जिसमें हर चीज़ का पूरा-पूरा विवरण है।"[1]

सुनन नसई आदि में है कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने उमर बिन ख़त्ताब (रज़ियल्लाहु अन्हु) के हाथ में तौरात का एक पन्ना देखा, तो फरमाया: "यदि मूसा (अलैहिस्सलाम) भी जीवित होते, तो उनके लिए भी मेरा अनुसरण किए बिना कोई चारा नहीं होता।" [2] यह सुनकर उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने कहा: "मैं अल्लाह से प्रसन्न हूँ उसे अपना रब मानकर, इस्लाम से प्रसन्न हूँ उसे अपना धर्म स्वीकार करके और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से प्रसन्न हूँ, उन्हें अना नबी मानकर।"

---

[1] सूरतुन-नह्ल, आयत संख्या: 89

[2] मुसनद अहमद (3/387), अद्-दारमी: अल-मुक़द्दमा (435)।

अध्याय: इस्लाम के दावे से निकल जाने के बारे में क्या वर्णित है

अल्लाह तआला ने फरमाया है:

﴿هُوَ سَمَّىٰكُمُ ٱلْمُسْلِمِينَ مِن قَبْلُ وَفِى هَٰذَا﴾ [الحج: 78].

"उसी अल्लाह ने तुम्हारा नाम मुसलमान रखा है, इस कुरआन के उतरने से पहले भी और इसमें भी।"[1]

हारिस अशअरी (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, वह अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से रिवायत करते हैं कि आपने फरमाया: "मैं तुम्हें उन पाँच बातों का आदेश देता हूँ, जिनका अल्लाह तआला ने मुझे आदेश दिया है: शासक की बात सुनने और उसका अनुकरण करने का, जिहाद का, हिजरत (अल्लाह के लिए स्वदेश-परित्याग) का और मुसलमानों की जमाअत से जुड़े रहने का, क्योंकि जो व्यक्ति जमाअत से बित्ता बराबर भी दूर हुआ, उसने अपनी गर्दन से इस्लाम का पट्टा उतार फेंका, मगर यह कि वह जमाअत की ओर पलट आए। इसी प्रकार, जिसने जाहिलिय्यत काल की पुकार लगाई, तो वह जहन्नम का ईंधन है।" यह सुनकर एक व्यक्ति ने कहा: ऐ अल्लाह के रसूल! चाहे वह नमाज़ पढ़े और रोज़े रखे, तो भी? फरमाया: "हाँ, चाहे वह नमाज़ पढ़े और रोज़े रखे, तो भी। अतः ऐ अल्लाह के बंदो! तुम उस अल्लाह को पुकारो, जिसने तुम्हारा नाम मुसलमान और मोमिन रखा है।" [2] इस हदीस को इमाम अहमद और इमाम तिरमिज़ी ने रिवायत किया है और तिरमिज़ी ने इसे हसन, सहीह कहा है।

---

[1] सूरतुल-हज्ज, आयत संख्या: 78

[2] तिरमिज़ी: अल-अमसाल (2863), अहमद (4/130)।

और सहीह में है: "जो जमाअत से बित्ता बराबर भी दूर या अलग हुआ और इसी अवस्था में मर गया, तो उसकी मौत, जाहिलिय्यत काल की मौत होगी।" [1] इसी हदीस में है: "क्या जाहिलिय्यत काल की पुकार लगाई जाएगी, जबकि मैं तुम्हारे बीच मौजूद हूँ!" शैखुल इस्लाम अबुल अब्बास इब्ने तैमिय्या फरमाते हैं: इस्लाम और कुरआन के दावे के सिवा हर दावा, चाहे वह वंश का हो, देश का हो, क़ौम का हो, धर्म का हो या पंथ का, सब जाहिलिय्यत काल की पुकार और दावे में शामिल है, बल्कि जब एक मुहाजिर और एक अंसारी के बीच झगड़ा हो गया और मुहाजिर ने मुहाजिरों को पुकारा और अंसारी ने अंसारियों को आवाज़ दी, तो अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "क्या जाहिलिय्यत काल की पुकार लगाई जा रही है, जबकि मैं तुम्हारे बीच मौजूद हूँ?" और इस बात से आप बहुत ज़्यादा क्रोधित हुए। शैखुल इस्लाम इमाम इब्ने तैमिय्या की बात समाप्त हुई।

[1] बुखारीः अल-फितन (6664) मुस्लिमः अल-इमारा (1849), अहमद (1/297), दारमीः अस-सियर (2519)।

अध्याय: इस्लाम में पुर्णरूपेण प्रवेश करना और उसके अलावा सब कुछ छोड़ना अनिवार्य है

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿يَـٰٓأَيُّهَا ٱلَّذِينَ ءَامَنُوا۟ ٱدْخُلُوا۟ فِى ٱلسِّلْمِ كَآفَّةً ﴾ [البقرة: 208].

"ऐ ईमान वालो! इस्लाम में पूरे-पूरे प्रवेश कर जाओ।"[1] तथा अल्लाह तआला ने फरमाया:

﴿أَلَمْ تَرَ إِلَى ٱلَّذِينَ يَزْعُمُونَ أَنَّهُمْ ءَامَنُوا۟ بِمَآ أُنزِلَ إِلَيْكَ وَمَآ أُنزِلَ مِن قَبْلِكَ﴾ [النساء: 60].

"क्या आपने उन्हें नहीं देखा, जिनका दावा तो यह है कि जो कुछ आपपर और जो कुछ आपसे पहले उतारा गया, उसपर उनका ईमान है?"[2] अल्लाह तआला ने यह भी फरमाया:

﴿يَوْمَ تَبْيَضُّ وُجُوهٌ وَتَسْوَدُّ وُجُوهٌ﴾ [آل عمران: 106].

"जिस दिन कुछ चेहरे चमक रहे होंगे और कुछ काले पड़े होंगे।"[3] इब्ने अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) कहते हैं कि अह्ले सुन्नत व जमाअत के चेहरे उज्जवल होंगे और अह्ले बिदअत (मनगढ़ंत धर्म-कर्म वालों) तथा सांप्रदायिक लोगों के चेहरे काले होंगे।

अब्दुल्लाह बिन अम्र (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) से वर्णित है, वह बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "मेरी उम्मत पर, बिल्कुल वैसा ही समय अवश्य आएगा, जैसा कि बनी इस्राईल पर आया था, बिल्कुल वैसा ही जैसे एक जूता दूसरे के समान होता है।। यहाँ तक कि यदि उनमें से किसी ने अपनी माँ के साथ खुले-आम व्यभिचार

---

[1] सूरतुल-बक़रा, आयत संख्या: 208

[2] सूरतुन-निसा, आयत संख्या: 60

[3] सूरत आल-इमरान, आयत संख्या: 106

किया होगा, तो मेरी उम्मत में भी इस प्रकार का व्यक्ति होगा, जो ऐसा करेगा। और बनी इस्राईल बहत्तर समुदायों में बट गए थे।" [1] हदीस का शेष भाग इस प्रकार है: "और यह उम्मत तिहत्तर [2] फ़िरक़ों में बट जाएगी। उनमें से एक के अतिरिक्त बाक़ी सब, जहन्नम में जाएँगे।" सहाबा ने पूछा कि ऐ अल्लाह के रसूल! वह समुदाय कौन-सा होगा, तो आपने फरमाया: "वही जो उस मार्ग पर चलेगा, जिसपर मैं हूँ और मेरे सहाबा हैं।" यह हदीस कितनी बड़ी नसीहत है, जिसने दिलों को जीवित कर दिया! इस हदीस को इमाम तिरमिज़ी ने रिवायत किया है तथा यही हदीस मुआविया (रज़ियल्लाहु अन्हु) के वास्ते से अहमद व अबू दाऊद ने रिवायत की है, जिसमें आया है: "मेरी उम्मत में कुछ ऐसे लोग प्रकट होंगे, जिनके अंदर इच्छाओं का पालन इस तरह से प्रवेश कर जाएगा, जिस प्रकार पागल कुत्ते के काटने से पैदा होने वाली बीमारी काटे हुए व्यक्ति में प्रवेश कर जाती है, यहाँ तक कि वह उसके शरीर की हर नस और हर जोड़ में प्रवेश कर जाती है।" और इससे पहले अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का वह कथन गुज़र चुका है, जिसमें आया है कि "इस्लाम में जाहिलिय्यत काल का तरीक़ा ढूँढने वाला" अल्लाह के निकट तीन सबसे घृणित लोगों में से एक है।

---

[1] तिरमिज़ी अल-ईमान (2641)

[2] तिरमिज़ी अल-ईमान (2641)

अध्याय: इस बात का बयान कि बिदअत बड़े पापों से भी अधिक गंभीर है

क्योंकि अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿إِنَّ ٱللَّهَ لَا يَغۡفِرُ أَن يُشۡرَكَ بِهِۦ وَيَغۡفِرُ مَا دُونَ ذَٰلِكَ لِمَن يَشَآءُۚ﴾ [النساء: 48].

"अल्लाह अपने साथ किसी को साझी ठहराए जाने को क्षमा नहीं करेगा और इसके अतिरिक्त जिसे चाहेगा, क्षमा कर देगा।"[1] अल्लाह तआला ने यह भी फरमाया है:

﴿لِيَحۡمِلُوٓاْ أَوۡزَارَهُمۡ كَامِلَةٗ يَوۡمَ ٱلۡقِيَٰمَةِ وَمِنۡ أَوۡزَارِ ٱلَّذِينَ يُضِلُّونَهُم بِغَيۡرِ عِلۡمٍۗ أَلَا سَآءَ مَا يَزِرُونَ﴾ [النحل: 25].

"तो फिर ठीक है, क़ियामत के दिन ये लोग अपने पूरे बोझ के साथ ही उन लोगों के बोझ को भी अपने ऊपर लाद लें, जिन्हें अनजाने में पथ-भ्रष्ठ करते रहे। देखो तो, कैसा बुरा बोझ है जिसे ये उठा रहे हैं!"[2]

तथा सहीह में है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने ख़वारिज के विषय में फरमाया: "उन्हें जहाँ भी पाओ, क़त्ल कर दो।"[3]

उसी में है कि आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने अत्याचारी शासकों को कत्ल करने से रोका, जब तक वे नमाज़ पढ़ते हों।

---

[1] सूरत अन-निसा, आयत संख्या: 48

[2] सूरत अन्- नह्ल, आयत संख्या: 25

[3] बुखारी: अल-मनाक़िब (3415), मुस्लिम: अज़-ज़काह (1066), नसई: तहरीमुद्-दम (4102), अबू दाऊद: अस-सुन्नह (4767) अहमद (1/ड131)।

जरीर ने अब्दुल्लाह (रज़ियल्लाहु अन्हु) के हवाले से रिवायत किया है कि एक आदमी ने दान दिया फिर दान देने के लिए लोगों का तांता बंध गया। इसपर अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया: "जिसने इस्लाम में कोई अच्छा तरीका रिवाज दिया, तो उसे अपने इस सुकृत्य का पुण्य तो मिलेगा ही, मगर उन लोगों का पुण्य भी, बिना किसी कमी के, उसके खाते में लिखा जाएगा, जो इसके बाद उसपर अमल करेंगे। दूसरी ओर, जिसने इस्लाम में कोई बुरा तरीका आविष्कार किया, तो वह अपने उस कुकृत्य के गुनाह का भुक्तभोगी होगा ही, उन लोगों का भी गुनाह, बिना किसी कमी के, उसके खाते में लिखा जाएगा, जो उसपर अमल करेंगे।"[1] इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।

तथा सहीह मुस्लिम में अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से इसी के समान एक अन्य हदीस वर्णित है, जिसके शब्द हैं: "जिसने किसी हिदायत की ओर बुलाया" और फिर फरमाया: "जिसने किसी गुमराही की ओर बुलाया।"[2]

---

[1] मुस्लिमः अज़-ज़काह (1017), तिरमिज़ीः अल-इल्म (2675), नसईः अज़-ज़काह (2554), इब्ने माजाः अल-मुक़द्दमा (203), अहमद (4/359) अद-दारमीः अल-मुक़द्दमा (514)।

[2] मुस्लिमः अल-इल्म (2674), तिरमिज़ीः अल-इल्म (2674), अबू दाऊदः अस-सुन्नह (4609), अहमद (2/397), अद्-दारमीः अल-मुक़द्दमा (513)।

अध्याय: इस बात का बयान कि अल्लाह तआला बिद्अती (मनगढ़ंत धर्म-कर्म करने वाले) की तौबा स्वीकार नहीं करता।

यह बात अनस (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित हसन बसरी की मुर्सल हदीस से प्रमाणित है।

इब्ने वज़्ज़ाह ने अय्यूब के हवाले से बयान किया है कि उन्होंने कहा: हमारे बीच एक आदमी था, जो कोई गलत अवधारणा रखता था। फिर उसने वह विचार त्याग दिया, तो मैं मुहम्मद बिन सीरीन के पास आया और उनसे कहा: क्या आपको पता है कि अमुक ने अपना विचार त्याग दिया है? तो उन्होंने कहा: अभी देखो तो सही, वह किस दिशा में जाता है, क्योंकि ऐसे लोगों के संबंध में जो हदीस आई है, उसका यह अंतिम भाग उसके प्रारंभिक भाग से अधिक सख्त है: "वे इस्लाम से निकल जाएँगे और फिर उसकी ओर पुनः वापस नहीं लौटेंगे।" [1] इमाम अहमद बिन हंबल से इसका अर्थ पूछा गया, तो उन्होंने फरमाया: ऐसे आदमी को तौबा करने का सुयोग नहीं मिलता।

अध्याय: अल्लाह तआला का फरमान: "ऐ अह्ले किताब! तुम इबराहीम के विषय में क्यों झगड़ते हो?"

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿يَـٰٓأَهۡلَ ٱلۡكِتَـٰبِ لِمَ تُحَآجُّونَ فِيٓ إِبۡرَٰهِيمَ﴾ [آل عمران: 65].

"ऐ अहले किताब! (यहूदी एवं ईसाई) तुम इबराहीम के विषय में क्यों झगड़ते हो?"[2] अल्लाह तआला के इस कथन तक:

﴿وَمَا كَانَ مِنَ ٱلۡمُشۡرِكِينَ﴾ [آل عمران: 67].

---

[1] बुखारी: अत-तौहीद (6995), मुस्लिम: अज़-ज़काह (1064), नसई: अज़-ज़काह (2578), अबू दाऊद: अस-सुन्नह (4764), मुसनद अहमद (3/68)।

[2] सूरत आल-इमरान, आयत संखया: 65

"और वह मुश्रिकों (अनेकेश्वरवादियों) में से नहीं थे।"[1] और दूसरे स्थान पर फरमाया:

﴿وَمَن يَرۡغَبُ عَن مِّلَّةِ إِبۡرَٰهِـۧمَ إِلَّا مَن سَفِهَ نَفۡسَهُۥۚ وَلَقَدِ ٱصۡطَفَيۡنَٰهُ فِي ٱلدُّنۡيَاۖ وَإِنَّهُۥ فِي ٱلۡأٓخِرَةِ لَمِنَ ٱلصَّٰلِحِينَ﴾ [البقرة: 130].

"और इबराहीम के धर्म से वही मुँह मोड़ेगा, जो मूर्ख होगा। हमने तो उन्हें दुनिया में भी चुन लिया था और आख़िरत में भी वह सदाचारियों में से हैं।"[2] सहीह में ख़वारिज से संबंधित हदीस मौजूद है, जो गुज़र चुकी है तथा सहीह में है कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "अमुक व्यक्ति के परिजन मेरे दोस्त नहीं। मेरे दोस्त, परहेज़गार एवं धर्मपरायण लोग हैं।"[3] और सहीह में अनस (रज़ियल्लाहु अन्हु) से यह भी वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को बताया गया कि किसी सहाबी ने कहा है कि मैं मांस नहीं खाऊँगा, दूसरे ने कहा कि मैं औरतों के समीप तक नहीं जाऊँगा, जबकि तीसरे ने कहा है कि मैं लगातार रोज़ा रखूँगा, बिना रोज़े के एक दिन भी नहीं रहूँगा। इनकी बातें सुनकर, अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "किन्तु मेरा हाल यह है कि मैं रात को नमाज़ पढ़ता हूँ और सोता भी हूँ। रोज़ा रखता हूँ और बिना रोज़े के भी रहता हूँ तथा मैं महिलाओं से शादी करता हूं और मांस भी खाता हूँ। याद रखो कि जिसने मेरी सुन्नत से मुँह मोड़ा, वह मुझसे नहीं है।"[4] ज़रा सोचिए, जब कुछ सहाबियों ने इबादत के उद्देश्य से दुनिया की माया एवं जंजाल से कट जाने की इच्छा प्रकट की, तो उनके बारे में यह कठोर बात कही गई और उनके काम को सुन्नत से मुँह मोड़ना बताया गया। ऐसे में, अन्य बिद्अतों (मनगढ़ंत धर्म-कर्म) और सहाबा के अतिरिक्त अन्य लोगों के बारे में आपका क्या विचार है?

---

[1] सूरत आल-इमरान, आयत संख्या: 67

[2] सूरतुल-बक़रा, आयत संख्या:130

[3] बुखारी: अल-अदब (5644), मुस्लिम: अल-ईमान (215), अहमद (4/203)।

[4] बुखारी: अन्-निकाह (4776), मुस्लिम: अन्-निकाह (1401), नसई: अन-निकाह (3217), अहमद (3/285)।

अध्याय: अल्लाह तआला का फरमान: "आप एकाग्र होकर अपना चेहरा अल्लाह के धर्म की ओर कर लें।"

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿فَأَقِمۡ وَجۡهَكَ لِلدِّينِ حَنِيفٗاۚ فِطۡرَتَ ٱللَّهِ ٱلَّتِي فَطَرَ ٱلنَّاسَ عَلَيۡهَاۚ لَا تَبۡدِيلَ لِخَلۡقِ ٱللَّهِۚ ذَٰلِكَ ٱلدِّينُ ٱلۡقَيِّمُ وَلَٰكِنَّ أَكۡثَرَ ٱلنَّاسِ لَا يَعۡلَمُونَ﴾ [الروم: 30].

"आप एकाग्र होकर अपना मुँह धर्म की ओर कर लें। यही अल्लाह तआला की वह प्राकृति है जिसपर उसने लोगों को पैदा किया है। अल्लाह की सृष्टि को बदलना नहीं है। यही सीधा धर्म-मार्ग है, किंतु अधिकांश लोग नहीं जानते।"[1]

अल्लाह तआला ने यह भी फरमाया है:

﴿وَوَصَّىٰ بِهَآ إِبۡرَٰهِـۧمُ بَنِيهِ وَيَعۡقُوبُ يَٰبَنِيَّ إِنَّ ٱللَّهَ ٱصۡطَفَىٰ لَكُمُ ٱلدِّينَ فَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنتُم مُّسۡلِمُونَ﴾ [البقرة: 132].

"और इबराहीम ने इसी धर्म की अपने बेटों को वसीयत की और याकूब ने भी अपनी संतति से इसी धर्म पर अडिग रहने का वचन लिया। कहा कि ऐ मेरे बेटो! अल्लाह तआला ने तुम्हारे लिए इस धर्म को चुन लिया है। इसलिए, तुम मुसलमान होकर ही मरना।"[2] और दूसरे स्थान पर फरमाया:

﴿ثُمَّ أَوۡحَيۡنَآ إِلَيۡكَ أَنِ ٱتَّبِعۡ مِلَّةَ إِبۡرَٰهِيمَ حَنِيفٗاۖ وَمَا كَانَ مِنَ ٱلۡمُشۡرِكِينَ﴾ [النحل: 123].

---

[1] सूरत अर-रूम, आयत संख्या: 30

[2] सूरत बक़रा, आयत संख्या: 132

"फिर हमने आपकी ओर यह वह्य (प्रकाशना) भेजी कि आप एकाग्र होकर इबराहीम के धर्म का अनुसरण कीजिए, जो एकेश्वरवादी थे और बहुदेववादियों में से नहीं थे।"[1]

तथा अब्दुल्लाह बिन मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "प्रत्येक नबी के नबियों में से कुछ दोस्त होते हैं और उनमें से मेरे दोस्त इबराहीम हैं, जो मेरे बाप और मेरे रब के प्रगाढ़ दोस्त हैं।" [2] इसके बाद आपने क़ुरआन की इस आयत का पाठ किया:

﴿إِنَّ أَوۡلَى ٱلنَّاسِ بِإِبۡرَٰهِيمَ لَلَّذِينَ ٱتَّبَعُوهُ وَهَٰذَا ٱلنَّبِيُّ وَٱلَّذِينَ ءَامَنُواْۗ وَٱللَّهُ وَلِيُّ ٱلۡمُؤۡمِنِينَ﴾

[آل عمران: 68].

"सब लोगों से अधिक इबराहीम से निकट वे लोग हैं, जिन्होंने उनका अनुसरण किया और यह नबी और वे लोग हैं जो ईमान लाए, और मोमिनों का दोस्त अल्लाह है।"[3] इसे तिरमिज़ी ने रिवायत किया है।

अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "अल्लाह तआला तुम्हारा शरीर और तुम्हारा धन नहीं देखता, बल्कि तुम्हारा दिल और कर्म देखता है।"[4]

बुखारी एवं मुस्लिम में इब्ने मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "मैं हौज़े-कौसर पर तुम सबसे पहले पहुँचा रहूँगा। मेरे पास मेरी उम्मत के कुछ लोग आएँगे। जब मैं उन्हें देने के लिए बढ़ूँगा, तो वे मेरे पास आने से

---

[1] सूरत अल-अनआम, आयत संख्या: 123

[2] तिरमिज़ी: तफ़सीरुल क़ुरआन (2995), अहमद (1/430)।

[3] सूरत आल-ए- इमरान, आयत संख्या: 68

[4] मुस्लिम: अल-बिर्र वस्-सिलह वल-आदाब (2564)।

रोक दिए जाएँगे। मैं कहूँगा: ऐ मेरे पालनहार! यह तो मेरी उम्मत को लोग हैं। इसपर मुझसे कहा जाएगा कि आपको पता नहीं कि आपके बाद इन्होंने क्या-क्या बिद्अतें (मनगढ़ंत धर्म-कर्म) आविष्कृत कर ली थीं।" [1]

बुख़ारी एवं मुस्लिम में अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "मेरी इच्छा हुई कि हम अपने भाइयों को देख लेते।" सहाबा किराम ने कहा: ऐ अल्लाह के रसूल! क्या हम आपके भाई नहीं हैं? तो फरमाया: "तुम मेरे असहाब अर्थात संगी-साथी हो। मेरे भाई वे लोग हैं, जो अभी तक नहीं आए।" सहाबा ने कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल! आपकी उम्मत के जो लोग अभी तक पैदा नहीं हुए, आप उन्हें कैसे पहचान लेंगे? तो फरमाया: "क्या बिल्कुल काले-कलौटे घोड़ों के बीच अगर किसी के सफ़ेद माथे और सफ़ेद पैरों वाला घोड़े हों, तो क्या वह अपने घोड़ों को नहीं पहचान पाएगा?" उन्होंने उत्तर दिया: हाँ, क्यों नहीं। तो आपने फरमाया: "मेरी उम्मत भी क़ियामत के दिन इस प्रकार उपस्थित होगी कि वुज़ू के प्रभाव से उनके चेहरे और अन्य वुज़ू के अंग चमक रहें होगे। मैं हौज़े-कौसर पर पहले से उनकी प्रतीक्षा कर रहा हूँगा। सुनो, क़ियामत के दिन कुछ लोग मेरे हौज़े-कौसर से उसी प्रकार ही धिक्कार दिए जाएँगे, जिस प्रकार पराये ऊँट को धिक्कार दिया जाता है। मैं उन्हें आवाज़ दूँगा कि सुनो, इधर आओ, तो मुझसे कहा जाएगा कि ये वे लोग हैं, जिन्होंने आपके बाद धर्म में परिवर्तन किया था। मैं कहूँगा कि फिर तो दूर हो जाओ, दूर हो जाओ।" [2]

और सहीह बुख़ारी में है कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "जिस समय मैं हौज़े-कौसर पर खड़ा रहूँगा, लोगों का एक समूह आएगा। जब मैं उन्हें पहचान

---

[1] बुख़ारी: अल-फ़ितन (6642), मुस्लिम: अल-फ़ज़ाइल (2297) इब्ने माजा: अल-मनासिक (3057), अहमद (5/393)।

[2] बुख़ारी: अल-मुसाक़ात (2238), मुस्लिम: अत-तहारह (249), नसई: अत-तहारह (150), अबू दाऊद: अल-जनाइज़ (3227), इब्ने माजा: अज़-ज़ुह्द (4306), अहमद (2/300), मुवत्ता इमाम मालिक: अत्-तहारह (60)।

लूँगा, तो मेरे और उनके बीच से एक आदमी निकलेगा और उनसे कहेगा: इधर आओ। मैं पूछुँगा: कहाँ? वह कहेगा: अल्लाह की क़सम! जहन्नम की ओर। मैं कहूँगा: इनका क्या मामला है? वह कहेगा: ये लोग आपके बाद इस्लाम धर्म से फिर गए थे। फिर इसके बाद एक अन्य समूह प्रकट होगा।" इस समूह के बारे में भी आपने वही बात कही, जो पहले समूह के बारे में कही थी। इसके बाद आपने फरमाया: "इनमें से छुटकारा प्राप्त करने वालों की संख्या भटके हुए ऊँटों के समान अर्थात बहुत ही कम होगी।"[1]

और बुख़ारी एवं मुस्लिम में इब्ने अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) की हदीस है कि आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "उस समय मैं वही कहूँगा, जो अल्लाह के नेक बंदे (ईसा अलैहिस्सलाम) ने कहा था: {जब तक मैं उनके बीच रहा, उनपर गवाह रहा। फिर जब तूने मुझे उठा लिया तो तू ही उनसे अवगत रहा और तू हर चीज़ की पूरी सूचना रखता है।}" [2]

तथा बुख़ारी एवं मुस्लिम में इब्ने अब्बास ही से मरफ़ूअन रिवायत है: "हर बच्चा फ़ितरत (इस्लाम) पर पैदा होता है। फिर उसके माँ-बाप उसे ईसाई, या यहूदी या मजूसी बना देते हैं। जिस प्रकार कि चौपाया, निपुण चौपाए को जनता है। क्या तुम उनमें से कोई चौपाया ऐसा पाते हो, जिसके कान कटे-फटे हों? यहाँ तक कि तुम ही स्वयं उसके कान चीर-काट देते हो।" [3] इसके बाद अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने यह आयत पढ़ी:

﴿ فِطۡرَتَ ٱللَّهِ ٱلَّتِي فَطَرَ ٱلنَّاسَ عَلَيۡهَاۚ﴾ [الروم: 30].

---

[1] बुख़ारी: अर-रिक़ाक़ (6215)।

[2] सूरत अल-माइदा, आयत संख्या: 117

[3] बुख़ारी: अल-जनाइज़ (1292), मुस्लिम: अल-क़द्र (2658), तिरमिज़ी: अल-क़द्र (2138), अबू दाऊद: अस्-सुन्नह (4714), मुवत्ता इमाम मालिक: अल-जनाइज़ (569)।

"अल्लाह की वह फ़ितरत (प्रकृति), जिसपर उसने लोगों को पैदा किया है।" [1] (बुख़ारी एवं मुस्लिम)।

हुज़ैफा रज़ियल्लाहु अन्हु से वर्णित है, वह कहते हैं: लोग अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से भलाई के विषय में प्रश्न करते थे और मैं आपसे बुराइयों के बारे में पूछता था, इस डर से कि मैं उनका शिकार न हो जाऊँ। मैंने कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल! हम अज्ञानता और बुराई में थे हुए थे। फिर अल्लाह तआला ने हमें भलाई की नेमत से सम्मानित किया, तो क्या इस भलाई के बाद भी फिर कोई बुराई होगी? आपने फरमाया: "हाँ।" मैंने कहा: क्या इस बुराई के बाद फिर ख़ैर का ज़माना आएगा? फरमाया: "हाँ। किंतु उसमें खोट होगी।" मैंने कहा: कैसी खोट होगी? आपने फरमाया: "कुछ लोग ऐसे होंगे, जो मेरी सुन्नत और हिदायत को छोड़कर दूसरों का तरीक़ा अपना लेंगे। तुम्हें उनके कुछ काम उचित मालूम होंगे और कुछ काम अनुचित।" मैंने कहा: क्या इस ख़ैर के बाद फिर बुराई प्रकट होगी? फरमाया: "हाँ, भयानक अंधे फ़ितने प्रकट होंगे और नरक की ओर बुलाने वाले लोग पैदा होंगे। जो उनकी सुनेगा, उसे नरक में झोंक देंगे।" मैंने कहा: ऐ अल्लाह के रसूल! आप हमें उनकी विशेषताएँ बता दें। फरमाया: "वह हममें से ही होंगे और हमारी ही भाषा में बात करेंगे।" मैंने कहा: ऐ अल्लाह के रसूल! यदि यह समय मुझे मिल जाए, तो आप मुझे क्या आदेश देते हैं? फरमाया: "मुसलमानों की जमात और उनके इमाम के साथ जुड़े रहना।" मैंने कहा कि अगर उस समय मुसलमानों की कोई जमात और उनका इमाम न हो तो क्या करूँ? फरमाया: "फिर इन सभी समुदायों से अलग रहना, भले ही तुमको पेड़ की जड़ों को चबाना पड़े, यहाँ तक कि इसी हालत में तुम्हारी मृत्यु हो जाए।"[2] इसी हदीस को बुख़ारी

---

[1] सूरत अर-रूम, आयत संख्या: 30

[2] बुखारी: अल-मनाक़िब (3411), मुस्लिम: अल-इमारा (1847), अबू दाऊद: अल-फ़ितन वल-मलाहिम (4244), इब्ने माजा: अल-फ़ितन (3979), अहमद (5/387)।

एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है, किन्तु मुस्लिम की रिवायत में यह इज़ाफ़ा भी है: इसके बाद क्या होगा? फरमाया: "फिर दज्जाल प्रकट होगा। उसके साथ एक नहर और एक आग होगी। जो उसकी आग में प्रवेश करेगा, उसका पुण्य साबित हो जाएगा"। मैंने कहा: फिर इसके बाद क्या होगा? फरमाया: "इसके बाद क़यामत आएगी।" [1] अबुल आलिया कहते हैं: इस्लाम की शिक्षा प्राप्त करो। जब इस्लाम की शिक्षा प्राप्त कर लो, तो उससे मुँह न मोड़ो। सीधे मार्ग पर चलते रहो, क्योंकि यही इस्लाम है। इसे छोड़कर दाँए- बाँए न मुड़ो और अपने नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की सुन्नत पर अमल करते रहो और भ्रष्ट धारणाओं और बिदअतों के निकट भी न जाओ।" अबुल आलिया का कथन समाप्त हुआ।

अबुल आलिया (उनपर अल्लाह की दया हो) के इस कथन पर विचार करें, कितना ऊँचा है उनका कथन! और उनके उस समय का स्मरण करें, जिसमें वह इन भ्रष्ट धारणाओं एवं बिदअतों से सावधान कर रहें हैं कि जो इनमें पड़ गया, वह इस्लाम से फिर गया। किस प्रकार उन्होंने इस्लाम की व्याख्या सुन्नत से की है और बड़े-बड़े ताबेईन और विद्वानों के किताब व सुन्नत के दायरे से निकल जाने का डर उनको सता रहा है! इससे तुम्हारे लिए अल्लाह तआला के इस फरमान का अर्थ स्पष्ट हो जाएगा:

﴿إِذْ قَالَ لَهُۥ رَبُّهُۥٓ أَسْلِمْۖ﴾ [البقرة: 131].

"जब उनके रब ने उनसे कहा: आज्ञाकारी हो जाओ।" [2] और अल्लाह तआला के इस फरमान का भी अर्थ स्पष्ट हो जाएगा:

---

[1] बुखारी: अल-मनाक़िब, (3411), मुस्लिम: अल-इमारह (1847), अबू दाऊद: अल-फ़ितन वल-मलाहिम (4244), इबने माजा: अल-फितन (3979), अहमद (5/404)।

[2] सूरत अल-बक़रा, आयत संख्या:131

﴿وَوَصَّىٰ بِهَآ إِبۡرَٰهِـۧمُ بَنِيهِ وَيَعۡقُوبُ يَٰبَنِيَّ إِنَّ ٱللَّهَ ٱصۡطَفَىٰ لَكُمُ ٱلدِّينَ فَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنتُم مُّسۡلِمُونَ﴾ [البقرة: 132].

"इसी बात की वसीयत इबराहीम ने और याक़ूब ने अपनी-अपनी संतान को यह कहकर की कि ऐ मेरे बेटो! अल्लाह ने तुम्हारे लिए इस्लाम धर्म को चुन लिया है। इसलिए तुम मुसलमान होकर ही मरना।" [1] तथा अल्लाह तआला के इस फरमान का भी अर्थ स्पष्ट हो जाएगा:

﴿وَمَن يَرۡغَبُ عَن مِّلَّةِ إِبۡرَٰهِـۧمَ إِلَّا مَن سَفِهَ نَفۡسَهُۥۚ﴾ [البقرة: 130].

"और इबराहीम के धर्म से वही मुहँ मोड़ेगा, जो मूर्ख होगा।" [2] इस प्रकार के और भी प्रमुख सिद्धांत ज्ञात होंगे, जो कि मूल सिद्धांत हैं, परंतु लोग उनसे निश्चेत हैं। अबुल आलिया के कथन पर चिंतन करने से इस अध्याय में उल्लिखित हदीसों और इन जैसी अन्य हदीसों का भी अर्थ स्पष्ट हो जाता है। परंतु जो व्यक्ति यह और इन जैसी अन्य आयतों और हदीसों को पढ़कर गुज़र जाए और इस बात से संतुष्ट हो कि वह इन ख़तरों का शिकार नहीं होगा और सोचे कि इसका संबंध ऐसे लोगों से है, जो अल्लाह तआला की पकड़ से निश्चेत थे, तो जान लीजिए कि यह व्यक्ति भी अल्लाह तआला की पकड़ से निडर है और अल्लाह की पकड़ से वही लोग निडर होते हैं, जो घाटा उठाने वाले हैं।

और अब्दुल्लाह बिन मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, वह कहते हैं: अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने एक लकीर खींची और फरमाया: "यही अल्लाह का सीधा मार्ग है।" फिर उस लकीर के दाएं-बाएं कई लकीरें खींचीं और फरमाया: "ये ऐसे मार्ग हैं, जिनमें से हर मार्ग पर शैतान बैठा हुआ है और अपनी ओर बुला रहा है।" इसके बाद आपने इस आयत का पाठ किया:

---

[1] सूरत अल-बक़रा, आयत संख्या:132

[2] सूरत अल-बक़रा, आयत संख्या:130

﴿وَأَنَّ هَٰذَا صِرَٰطِي مُسۡتَقِيمٗا فَٱتَّبِعُوهُۖ وَلَا تَتَّبِعُواْ ٱلسُّبُلَ فَتَفَرَّقَ بِكُمۡ عَن سَبِيلِهِۦۚ﴾

[الأنعام: 153].

{और यही मेरा सीधा मार्ग है, इसलिए तुम इसी पर चलो, और दूसरे मार्गों पर मत चलो कि वे तुम्हें अल्लाह के मार्ग से अलग कर देंगे।} [1] इस हदीस को इमाम अहमद और नसई ने रिवायत किया है।

[1] सूरतुल-अनआम, आयत संख्या:153

अध्याय: इस्लाम का अजनबी हो जाना और अजनबियों की श्रेष्ठता

अल्लाह तआला का फरमान है:

﴿فَلَوْلَا كَانَ مِنَ ٱلْقُرُونِ مِن قَبْلِكُمْ أُو۟لُوا۟ بَقِيَّةٍ يَنْهَوْنَ عَنِ ٱلْفَسَادِ فِى ٱلْأَرْضِ إِلَّا قَلِيلًا مِّمَّنْ أَنجَيْنَا مِنْهُمْ﴾ [هود: 116].

"तो क्यों न तुमसे पहले के लोगों में ख़ैर वाले हुए, जो धरती पर दंगा फ़ैलाने से रोकते, सिवाय उन थोड़े लोगों के, जिन्हें हमने उनमें से नजात दी थी?" [1] अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से मरफ़ूअन वर्णित है: "इस्लाम की शुरूआत अजनबी हालत में हुई और शीघ्र ही वह पहले के समान अजनबी हो जाएगा। ऐसे में, शुभ सूचना है अजनबियों के लिए।" [2] इस हदीस को इमाम मुस्लिम ने रिवायत किया है तथा इसे इमाम अहमद ने अब्दुल्लाह बिन मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) के हवाले से रिवायत किया है, जिसमें आया है: कहा गया कि ऐ अल्लाह के रसूल! ग़ुरबा (अजनबी) कौन लोग हैं? तो आपने फरमाया: "अल्लाह के मार्ग में अपने वतन तथा खानदान को छोड़ देने वाले और वे लोग, जो उस समय नेक और सदाचारी होंगे, जब अधिकांश लोग बिगड़ चुके होंगे।" [3]

इमाम तिरमिज़ी ने कसीर बिन अब्दुल्लाह (रज़ियल्लाहु अन्हु) के वास्ते से रिवायत किया है, वह अपने बाप के वास्ते से अपने दादा से रिवायत करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु

---

[1] सूरत हूद, आयत संख्या:116

[2] मुस्लिम: अल-ईमान (145), इब्ने माजा: अल-फितन (3986), अहमद (2/389)।

[3] अहमद (4/74)

अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "शुभसूचना है उन अजनबियों के लिए, जो मेरी उन सुन्नतों को सुधारेंगे, जिन्हें लोग बिगाड़ चुके होंगे।" [1]

अबू उमय्या कहते हैं कि मैंने अबू सा'लबा से पूछा कि इस आयत के बारे में आप क्या कहते हैं:

﴿يَـٰٓأَيُّهَا ٱلَّذِينَ ءَامَنُوا۟ عَلَيْكُمْ أَنفُسَكُمْ ۖ لَا يَضُرُّكُم مَّن ضَلَّ إِذَا ٱهْتَدَيْتُمْ ۚ﴾ [المائدة: 105].

"ऐ ईमान वालो! तुम अपनी चिंता करो। यदि तुम सीधे मार्ग पर डटे रहोगे, तो जो पथभ्रष्ट है, वह तुम्हें कोई हानि नहीं पहुँचा सकेगा।" [2] तो अबू सालबा ने कहा कि अल्लाह की क़सम! इस आयत के बारे में मैंने सबसे अधिक जानकार अर्थात अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से प्रश्न किया था, तो आपने फरमाया था: "तुम आपस में एक-दूसरे को भलाई का आदेश देते और बुराई से रोकते रहो, यहाँ तक कि जब देख लो कि अति लालच का अनुपालन किया जा रहा है, इच्छाओं की पैरवी की जा रही है, दुनिया को प्रधानता दी जा रही है और हर व्यक्ति अपनी विचारधारा पर मस्त और मग्न है, तो अपनी चिंता करो और आमजन को छोड़ दो, क्योंकि तुम्हारे बाद ऐसे दिन आने वाले हैं, जिनमें धर्म पर धैर्य से जमे रहने वाला आग का अंगारा पकड़ने वाले के समान होगा और उनमें अमल करने वाले को ऐसे पचास आदमियों के बराबर पुण्य मिलेगा, जो तुम्हारे ही जैसा अमल करने वाले हैं।" हमने कहा कि क्या हममें से पचास आदमी या उनमें से पचास आदमी? तो आपने फरमाया: "बल्कि तुममें से"।[3] इस हदीस को अबू दाऊद और तिरमिज़ी ने रिवायत किया है।

---

[1] सुनन तिरमिज़ी, अल-ईमान (2630)।

[2] सूरतुल-माइदा, आयत संख्या:105

[3] तिरमिज़ी: तफ़सीरुल क़ुरआन (3058), इब्ने माजा: अल-फ़ितन (4014)।

इब्ने वज़्ज़ाह ने इसी अर्थ की हदीस, इब्ने उमर (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) के हवाले से रिवायत की है, जिसके शब्द इस प्रकार हैं: "तुम्हारे बाद ऐसे दिन आएँगे, जिनमें धैर्य करने वाले और आज तुम जिस धर्म-मार्ग पर हो, उसपर जमे रहने वाले को तुम्हारे पचास आदमियों के बराबर पुण्य मिलेगा।"[1] इसके बाद इब्ने वज़्जाह ने कहा: हमसे मुहम्मद बिन सईद ने बयान किया, उन्होंने कहा कि हमसे असद ने बयान किया, उन्होंने कहा कि हमसे सुफयान बिन उयैना ने बसरी से और उन्होंने हसन के भाई सईद से रिवायत की, वह मरफ़ूअन रिवायत करते हैं: "आज तुम अपने रब के स्पष्ट मार्ग पर हो, भलाई का आदेश देते हो, बुराई से रोकते हो और अल्लाह के मार्ग में जिहाद करते हो। अभी तक तुम्हारे अंदर दो नशे प्रकट नहीं हुए हैं: एक अज्ञानता का नशा और दूसरा जीवन से प्यार का नशा। परंतु शीघ्र ही तुम्हारी यह हालत बदल जाएगी। उस समय क़ुरआन एवं सुन्नत पर जमे रहने वाले को पचास आदमियों के बराबर पुण्य मिलेगा।" पूछा गया कि क्या उनके पचास आदमी के बराबर? आपने फरमाया: "नहीं, बल्कि तुम्हारे पचास आदमियों के बराबर।" इब्ने वज्जाह ने एक दूसरी सनद से मुआफ़िरी से रिवायत किया है, वह बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "शुभसंदेश है उन अजनबियों के लिए, जो उस वक्त अल्लाह की किताब को मज़बूती के साथ थामे रहेंगे, जब उसको छोड़ दिया जाएगा और जब सुन्नत की रोशनी बुझा दी जाएगी, तो वे उसपर अमल करेंगे ।"[2]

---

[1] तिरमिज़ी: तफ़सीरुल क़ुरआन (3058), इब्ने माजा: अल-फ़ितन (4014)।

[2] मुसनद अहमद (2/222)।

अध्याय: बिद्अतों पर चेतावनी

इरबाज़ बिन सारिया (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है, वह बयान करते हैं: अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने हमें एक बड़ा ही प्रभावशाली उपदेश दिया, जिससे हमारे दिल काँप उठे और आँखें आँसू बहाने लगीं। हमने कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल! यह तो विदाई उपदेश जान पड़ता है। आप हमें वसीयत कीजिए। तो आपने फरमाया: "मैं तुम्हें अल्लाह से डरने तथा शासकों की बात मानने और सुनने की वसीयत करता हूँ, भले ही कोई दास तुम्हारा शासक बन जाए। तुममें से जो व्यक्ति जीवित रहेगा, वह बहुत मतभेद देखेगा। ऐसी अवस्था में तुम मेरी सुन्नत और मेरे बाद संमार्गी शासकों (ख़ुलफ़ा-ए- राशिदीन) का तरीका अपनाए रखना और उसे दृढ़ता से थामे रहना और धर्म-मार्ग में नई आविष्कृत बिद्अतों से बचे रहना, क्योंकि हर बिद्अत पथभ्रष्टता है।" [1] इस हदीस को इमाम तिरमिज़ी ने रिवायत किया और हसन, सहीह कहा है।

और हुज़ैफ़ा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है कि उन्होंने कहा: "हर वह इबादत जिसे मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के सहाबा किराम ने न किया हो, उसे तुम भी न करना, क्योंकि अगलों ने बाद में आने वालों के लिए किसी बात की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। अतः ऐ क़ारियों की जमाअत! अल्लाह तआला से डरो और अपने से पहले लोगों (पूर्वजों) के तरीक़े पर चलते रहो।"

इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है। इमाम दारमी कहते हैं: हमें हकम बिन मुबारक ने सूचना दी, हकम बिन मुबारक कहते हैं कि हमसे अम्र बिन यह्या ने बयान किया और अम्र बिन यह्या ने कहा: मैंने अपने बाप से सुना, वह अपने बाप से रिवायत करते हैं कि उन्होंने कहा: हम फ़ज्र की नमाज़ से पहले अब्दुल्लाह बिन मसऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) के दरवाज़े पर बैठ जाते थे और जब वह घर से निकलते, तो उनके साथ मस्जिद की तरफ चल पड़ते थे। एक दिन की बात है कि

[1] तिरमिज़ी: अल-इल्म (2676), अबू दाऊद: अस्-सुन्नह (4607), इब्ने माजा: अल-मुक़द्दिमा (44), अहमद (4/126), दारमी: अल-मुक़द्दिमा (95)।

अबू मूसा अशअरी (रज़ियल्लाहु अन्हु) आए और कहने लगे कि क्या अबू अब्दुर्रहमान (अब्दुल्लाह बिन मसऊद) निकले नहीं? हमने उत्तर दिया: नहीं। यह सुनकर वह भी हमारे साथ बैठ गए, यहाँ तक कि इब्ने मसऊद बाहर निकले, तो हम सब उनकी ओर बढ़े। इतने में अबू मूसा अशअरी ने उनसे कहा: ऐ अबू अब्दुर्रहमान! मैं अभी-अभी मस्जिद में एक नई बात देखकर आ रहा हूँ। हालाँकि जो बात मैंने देखी है, वह अल-हम्दु लिल्लाह ख़ैर ही है। इब्ने मसऊद ने कहा कि वह कौन-सी बात है? अबू मूसा अशअरी ने कहा कि अगर जिंदगी रही, तो शीघ्र ही आप भी देख लेंगे। उन्होंने कहा: वह बात यह है कि कुछ लोग नमाज़ की प्रतीक्षा में मस्जिद के भीतर मंडलियाँ बनाए बैठे हैं। उन सब के हाथों में कंकड़ियाँ हैं और हर मंडली में एक-एक आदमी नियुक्त है, जो उनसे कहता है कि सौ बार अल्लाहु अकबर कहो, तो सब लोग सौ बार अल्लाहु अकबर कहते हैं। फिर कहता है कि सौ बार ला इलाहा इल्लल्लाह कहो, तो सब लोग सौ बार ला इलाहा इल्लल्लाह कहते हैं। फिर कहता है कि सौ बार सुबहान अल्लाह कहो, तो सब लोग सौ बार सुबहान अल्लाह कहते हैं। इब्ने मसऊद ने कहा कि आपने उनसे क्या कहा? अबू मूसा ने जवाब दिया कि इस संबंध में आपका विचार जानने की प्रतीक्षा में मैंने उनसे कुछ नहीं कहा। इब्ने मसऊद ने फरमाया कि आपने उनसे यह क्यों नहीं कहा कि तुम अपने गुनाह शुमार करो और फिर इस बात की गारंटी ले लेते कि उनकी कोई भी नेकी नष्ट नहीं होगी। यह कहकर इब्ने मसऊद मस्जिद की ओर रवाना हुए और हम भी उनके साथ चल पड़े। मस्जिद पहुँचकर इब्ने मसऊद उन मंडलियों में से एक के पास खड़े हुए और फरमाया: तुम लोग क्या कर रहे हो? उन्होंने जवाब दिया: ऐ अबू अब्दुर्रहमान! यह कंकड़ियाँ हैं, जिनपर हम तकबीर, तहलील और तसबीह गिन रहे हैं। इब्ने मसऊद ने फरमाया: तुम अपने गुनाह गिनो और मैं इस बात का ज़िम्मा लेता हूँ कि तुम्हारी कोई भी नेकी नष्ट नहीं होगी। तुम्हारी खराबी हो ऐ अल्लाह के रसूल मुहम्मद की उम्मत! अभी तो तुम्हारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के सहाबा बड़ी संख्या में उपस्थित हैं, अभी आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के छोड़े हुए कपड़े भी नहीं फटे हैं, आपके बर्तन नहीं टूटे हैं और तुम इतनी जल्दी तबाही के शिकार हो गए?! क़सम है उस हस्ती की, जिसके हाथ में मेरी जान है, तुम या तो एक ऐसी शरीयत पर चल रहे हो, जो मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की शरीयत से श्रेष्ठ है या फिर तुम गुमराही का दरवाज़ा खोल रहे हो। उन्होंने कहा: ऐ

अबू अब्दुर्रहमान! अल्लाह की क़सम, इस काम से ख़ैर के सिवाय हमारा कोई और उद्देश्य नहीं था। तो इब्ने मसऊद ने फरमाया: ऐसे कितने ख़ैर के आकांक्षी हैं, जो ख़ैर तक कभी नहीं पहुँच पाते। अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने हमें बताया है कि एक क़ौम ऐसी होगी, जो क़ुरआन पढ़ेगी, किंतु क़ुरआन उनके गले से नीचे नहीं उतरेगा। अल्लाह की क़सम! क्या पता कि उनमें से अधिकांश शायद तुम्हीं में से हों। अम्र बिन सलमा (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं कि इन मंडलियों के अधिकांश लोगों को हमने देखा कि नहरवान की लड़ाई में वे ख़वारिज के गिरोह में शामिल होकर हमसे जंग कर रहे थे।

विषय सूची